न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)
अनुवान पन्ना राम बनाम राजस्थान सरकार
प्रार्थना–पत्र संख्या – 331/2025
निर्णय दिनांक ....11/09/2025....

पन्ना राम पुत्र गोविन्दराम जाति जाट निवासी आनन्दसिंहपुरा तहसील तारानगर जिला चूरू। –प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू। –अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

–::निर्णय::–

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में कृषि भूमि रोही मौजा गोड़ास पटवार हल्का आनन्दसिंहपुरा तहसील तारानगर के खाता संख्या 69 के खसरा सं. 302/181 तादादी 4.2614 हैक्ट. भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में खातेदार दर्ज है। प्रार्थी का कथन है कि उक्त खसराजात रोही के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम पन्ना पुत्र गोविन्दराम अंकित है जो गलत है जबकि प्रार्थी का वास्तविक नाम पन्ना राम पुत्र गोविन्दराम है। प्रार्थी के अन्य दस्तावेजो यथा आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि में नाम पन्ना राम पुत्र गोविन्दराम है। राजस्व रिकार्ड में भिन्न नाम होने के कारण प्रार्थी राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहा है। जिससे प्रार्थी को काफी नुकसान हो रहा है। इसलिये प्रार्थी उक्त खसराजात की जमाबंदी में अपना नाम दुरूस्त करवाना चाहता है। इसलिए प्रार्थना पत्र पेश कर रहा है। अतः उक्त खसराजात कृषिभूमि में प्राथी का नाम पन्ना पुत्र गोविन्दराम के बजाय पन्ना राम पुत्र गोविन्दराम किये जाने का आदेश प्रदान करें।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट में पटवार हल्का ने प्रार्थी का नाम पन्ना पुत्र गोविन्दराम व पन्ना राम पुत्र गोविन्दराम दोनों नाम एक ही व्यक्ति का होना अंकित किया है। राजपैरोकार ने जांच रिपोर्ट के अलावा कोई जवाब पेश नहीं किया। प्रकरण का कोई खण्डन पेश नहीं हुआ।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार तारानगर की रिपोर्ट व संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र में प्रार्थी का नाम पन्ना राम पुत्र गोविन्दराम पाया जाता है। राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम पन्ना पुत्र गोविन्दराम अंकित है। नाम में भिन्नता से प्रार्थी को परेशानी होना सम्भव है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा कृषि भूमि रोही मौजा गोड़ास पटवार हल्का आनन्दसिंहपुरा तहसील तारानगर के खाता संख्या 69 के खसरा सं. 302/181 तादादी 4.2614 हैक्ट. भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम पन्ना पुत्र गोविन्दराम Delete कर इसके स्थान पर पन्ना राम पुत्र गोविन्दराम अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। न्यायालय का यह निर्णय अपीलीय है। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक ..11/09/2025.... को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

Rajendra
(राजेन्द्र कुमार आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)

Scanned with OKEN Scanner